(113

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

स्वी० सं०– प्र०–07 / बि०भ०स्था०–03–14 / 2026 / 674 पटना–15, दिनांक– 28 / 09 / 2026

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय :– **बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों / विभागों में लंबित मामलों के प्रभावी अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु "समन्वय पोर्टल" विकसित किये जाने के निमित बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम–131 ज्ञ (त) के तहत नामांकन के आधार पर NIC (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र) का चयन की स्वीकृति के संबंध में।**

आदेश :– **स्वीकृत।**

2.– बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों / विभागों में लंबित मामलों के प्रभावी अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु "समन्वय पोर्टल" विकसित किये जाने के निमित बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम–131 ज्ञ (त) के तहत नामांकन के आधार पर NIC (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र) का चयन की स्वीकृति दी जाती है।

3.– बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों / विभागों में लंबित मामलों के प्रभावी अनुश्रवण, समन्वय एवं फॉलो–अप हेतु "समन्वय पोर्टल" का विकास किया जाना है। संबंधित सभी योजनाओं का अनुश्रवण उक्त पोर्टल के माध्यम से किये जाने से लंबित मामलों के अनुश्रवण, विभागीय समन्वय एवं प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी।

4.– NIC (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र) द्वारा समन्वय पोर्टल हेतु उपलब्ध कराये गए परियोजना प्रतिवेदन के अनुसार परिनियोजन, कार्यान्वयन, रखरखाव, संवर्धन और परिचालन सहायता सहित एक वर्ष में लगभग ₹50,68,000 / – (पचास लाख अड़सठ हजार रुपये) मात्र का व्यय होगा।

5.– यह व्यय मांग सं०–04 के मुख्यशीर्ष–2070–अन्य प्रशासनिक सेवायें–00–115–अतिथिगृह, सरकारी होस्टल आदि, उपशीर्ष–0002–बिहार भवन स्थापना (विपत्र कोड–04–2070001150002) के विषय शीर्ष–13 01 कार्यालय व्यय मद् में वित्तीय वर्ष 2026–27 में बिहार आकस्मिकता निधि / द्वितीय अनुपूरक आगणन द्वारा उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

6.– इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, मुख्य प्रशासी पदाधिकारी, बिहार भवन, नई दिल्ली होंगे एवं इसकी निकासी बिहार भवन कोषागार, नई दिल्ली से की जायेगी।

7.– प्रस्ताव में दिनांक–23.09.2026 को आयोजित मंत्रीपरिषद् की बैठक के मद संख्या–23 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

28.09.26
(महेन्द्र प्रसाद यादव)
सरकार के संयुक्त सचिव।

E:\DEPARTMENT ALL LETTER\ADHISUCHNA.doc

(112)

ज्ञापांक :– प्र०–07 / बि०भ०स्था०–03–14 / 2026 / 674 पटना–15, दिनांक– 28 / 09 / 2026

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, बिहार भवन कोषागार, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.09.26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–07 / बि०भ०स्था०–03–14 / 2026 / 674 पटना–15, दिनांक– 28 / 09 / 2026

प्रतिलिपि :– स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली / मुख्य प्रशासी पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.09.26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–07 / बि०भ०स्था०–03–14 / 2026 / 674 पटना–15, दिनांक– 28 / 09 / 2026

प्रतिलिपि :– उप महानिदेशक–सह–राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, NIC, बिहार राज्य केन्द्र, सूचना भवन परिसर, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.09.26

सरकार के संयुक्त सचिव।